संक्षिप्त

कोयला तस्कर पर कार्रवाई, एक पकड़ा

मनोहरपुर, (निसं)। वन विभाग की टीम ने मंगलवार को अवैध रूप से लकड़ी के कोयले के परिवहन करने के आरोपितों के खिलाफ टोल प्लाजा पर कार्रवाई करते हुए एक वाहन को जब्त कर एक जने को गिरफ्तार किया है। फोरेस्टर बाबूलाल मीणा ने बताया कि रेंजर रघुवीर सिंह मीणा के नेतृत्व में गठित टीम ने बाबूलाल मीणा, दिनेश कुमार फगोरियां, सीताराम जाट, छाजूजाल यादव, लक्ष्मीनारायण यादव सहित अन्य की टीम ने लकड़ी के कोयले के अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अजमेर से सराहनपुर की और जाने वाले एक ट्रक को जब्त किया है। चालक से पूछताछ करे पर संतोषप्रद जबाब नहीं दिया। इस मामले में सहारनपुर उत्तरप्रदेश निवासी राजसिंह को गिरफ्तार किया है। वही लकड़ी के कोयले के परिवहन में प्रयुक्त ट्रक को कोयलें सहित जब्त किया है।

ट्रेलर की टक्कर से एक की मौत

पावटा, (निसं)। कस्बा पावटा में सोमवार को देर रात एक अनियंत्रित ट्रोले ने सड़क किनारे अंडे खा रहे एक युवक को टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्रागपुरा थाना प्रभारी डॉ.सुरेश कुमार यादव ने बताया कि सोमवार को देर रात एक ट्रोला देहली से जयपुर की ओर जा रहा था तभी पावटा कस्बे के नवोदय मोड के पास ट्रोले का संतुलन बिगड़ गया व ट्रोले ने सड़क किनारे थड़ी पर अंडे खा रहे बाडीजोड़ी निवासी मुन्नाराम सैनी पुत्र झाबरमल सैनी के टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने युवक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

बजरी से भरे 2 ट्रकों को पकड़ा

निवाई, (निसं)। दतवास पुलिस ने अवैध रूप से बजरी भरकर जा रहे 2 ट्रकों को पकड़ा है। थाना प्रभारी दयाराम जाट ने बताया कि गश्त के दौरान एक साथ जा रहे 2 ट्रकों को रोककर चालकों से जानकारी ली। चालकों द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर ट्रकों की तलाशी ली गई। जिसमें तिरपाल हटाने पर ट्रक में बजरी भरी हुई मिली। पुलिस ने दोनों ट्रकों को जप्त कर लिया। उन्होंने बताया कि जप्त किए गए ट्रकों की सूचना खनिज विभाग के अधिकारियों को दे दी गई है।

पाले से किसानों की बढ़ी चिंता

अलवर, (कासं)। अलवर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार की रात को अधिक ठंड के कारण फसल को पाला मारने के समाचार मिले है। जिसके कारण फसल को हुए नुकसान को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। जिले के नारायणपुर क्षेत्र के कई किसानों ने बताया कि मंगलवार को सुबह खेतों में फसल को देखकर पाला मारने की शिकायत मिली। अधिक सर्दी के कारण फसल को नुकसान पहुंचा है।

देशी शराब सहित एक गिरफ्तार

अलवर, (कासं)। कोटकासिम थाना पुलिस ने मंगलवार को गश्त के दौरान अड़तालीस देशी शराब सहित एक जने को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी भगवान सिंह सहाय ने बताया कि पुलिस द्वारा मंगलवार को गस्त के दौरान जौडिया सड़क मार्ग पर शेरपुर निवासी संजय पुत्र भूपसिंह को अडतालीस देशी मदिरा के पव्वों के साथ गिरफ्तार किया है।

केंटर ने अज्ञात वाहन के मारी टक्कर, चालक की मौत

मनोहरपुर, (निसं)। थाना इलाके के राष्ट्रीय राजमार्ग 8 पर दौसा पुलियां के पास में हुए सड़क हादसे में 1 जने की मौत हो गई। इस संबंध में मृतक के भतीजे ने सड़क हादसे में मृत्यु का मामला दर्ज कराया है।

हैड कांस्टेबल रामूसिंह ने बताया कि नूह जिले के जोरासी गांव निवासी नवीन कुमार जाट ने मामला दर्ज कराया है कि मेरा चाचा हरियाणा निवासी राकेश पुत्र करतार सिंह भिवाड़ी से जयपुर के लिए अपने आइसर केंटर में माल भरकर रवाना हुआ था। यात्रा के दौरान सोमवार रात्रि को दौसा पुलियां के पास में सड़क हादसा हो गया। चालक ने आगे चल रहे अज्ञात वाहन के जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे आइसर केंटर का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वही इसमे सवार राकेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए निम्स अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बाद में पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाकर दस्तोवजों के आधार पर मृतक के परिजनों को सूचित किया। इस पर पुलिस की मौजूदगी में मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

■ भिवाड़ी से माल भरकर जयपुर ले जा रहा था केंटर

मनोहरपुर में हादसे के बाद केंटर के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाएं बताई

बस्सी, (निसं)। कस्बे में मंगलवार को रिटायर्ड आईपीएस एवं पीसीसी सदस्य लक्ष्मण मीना ने कांग्रेस सरकार द्वारा चलायी गई जनकल्याणकारी योजनाओं का एक मीटिंग के दौरान बखान किया। मौका था विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवगांव व पालावाला जाटान में आम जनता द्वारा आयोजित जनसुनवाई व मीटिंग का।

लक्ष्मण मीना ने मीटिंग के दौरान कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुये कहा कि कांग्रेस सरकार ने ही निःशुल्क दवा जांच योजना जैसी योजनाओं को जनता के लिये शुरु किया था। बस्सी पंचायत समिति प्रधान गणेश नारायण शर्मा लोगों को सम्बोधित करते हुये कांग्रेस द्वारा चलाई गयी योजनाओं का विस्तार से वर्णन करते हुये लोगों को आने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को मजबूत बनाने पर जोर दिया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य रामजीलाल मीना, पंचायत समिति प्रधान गणेश नारायण शर्मा, सरपंच सीताराम डोभाल, पंचायत समिति सदस्य रामप्रसाद बैरवा, अम्बेडकर वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य रामेश्वर गोठवाल, युवा नेता बाबूलाल कचौलिया समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

सार-समाचार

कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

किशनगढ़बास, (निसं)। कांग्रेस प्रत्याशी डा. करण सिंह यादव के समर्थन में किशनगढ़बास प्रभारी व हरियाणा सरकार में पूर्व संसदीय सचिव शारदा राठौड़ ने ब्लॉक अध्यक्ष संजीव बारेठ की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में राठौड़ ने कार्यकर्ताओं से चुनाव प्रचार में जुड़ जाने का आव्हान किया। इस दौरान बैठक में रहमत शाह अलवी, मुकेश सैनी, संदीप पाटील, अनिल यादव, संदीप अग्रवाल, डॉ. विक्रम रत्नावत, नत्थूमल सिंधी, अशोक अग्रवाल, त्रिभुवन शर्मा, भवानी सिंह बारेठ आदि कार्यकर्ता मौजूद थें।

पेयजल समस्या दूर करने की मांग

बानसूर, (निसं)। क्षेत्र के गांव रामपुर में पिछले 10 दिनों से पेयजल समस्या से ग्रामीण परेशान है। पीने के पानी के लिए भी ग्रामीण इधर-उधर भटक रहें है। जिससे महिलाओं सहित स्कूली विद्यार्थियों को अधिक परेशानी हो रही है। इस बारे में ग्रामीणों ने कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवगत भी करा दिया लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ है। जिससे ग्रामीणों में जलदाय विभाग के प्रति रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दस दिनों से गांव में पानी की समस्या बनी हुई लेकिन विभागीय अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहें है। जिससे लोगों में जलदाय विभाग के प्रति आक्रोश बना हुआ है। पूर्व सरपंच ने दोषी जलदाय विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए एसडीएम एवं जलदाय विभाग के सहायक अभियंता से पेयजल समस्या को दूर करने की मांग की है।

प्रजापति समाज की कार्यकारिणी गठित

नारायणपुर, (निसं)। कस्बा स्थित पुरुषोत्तमदास आश्रम में मंगलवार को प्रजापति समाज की बैठक पूर्व सरपंच बसई जोगियान शिम्भुदयाल प्रजापत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान तहसील स्तरीय प्रजापति विकास समिति के अंतर्गत प्रजापति विकास समिति नारायणपुर की कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवनियुक्त कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर राजू प्रजापत, सचिव पद पर लालाराम प्रजापत, कोषाध्यक्ष पद बलवीर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर लालचन्द प्रजापत, उपाध्यक्ष पद पर महेन्द्र, रामेश्वर, ओमप्रकाश, घनश्याम, संतोष, संरक्षक पद पर रामजीलाल, दल्लाराम, साधुराम, संगठन मंत्री पद पर बाबूलाल, प्रचार मंत्री पद पर बनवारी लाल, कालूराम, प्रवक्ता पद पर लीलाराम, महेंद्र तथा मुख्य सलाहकार पद पर सेडूराम, भोलाराम, रतन, नत्थूराम ठेकेदार आदि समाज के लोगों को प्रजापति विकास समिति की नवनियुक्त कार्यकारिणी में लिया गया है। इस दौरान नवनियुक्ति कार्यकारिणी को तहसील स्तरीय प्रजापति विकास समिति के अध्यक्ष गोविन्द राम कुमावत एवं थानागाजी समिति के पदाधिकारियों ने गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

पेड़ से गिरकर अधेड़ गंभीर घायल

विराटनगर, (निसं)। कस्बे के वार्ड न.15निवासी रामू केशवा यादव करीब 50 साल जो कि मंगलवार को अपने खेत में एक पेड़ की डालिया काटते समय अचानक संतुलन बिगड़ गया जिससे नीचे आकर गिर गया। जानकारी अनुसार करीब तीस फीट ऊचा पेड़ पर चढ़कर बकरियों के लिए डाली काट रहा था। उसी दौरान पेड से नीचे गिरने वह गंभीर घायल हो गया। 108 ऐबुलेंस के कंपाउडर जितु शर्मा ने बताया कि 108 एंबुलेंस से घायल को राजकीय चिकित्सालय में लाया गया जहां पर डॉक्टर ने उपचार के बाद गंभीर घायल होने पर जयपुर के लिए रैफर कर दिया।

घरेलू हिंसा संरक्षण अधिनियम की जानकारी दी

निवाई, (निसं)। सिकोईडिकोन द्वारा वजूद परियोजना के तहत ग्राम पंचायत स्तरीय बैठक का आयोजन किया। बैठक में पंचायत प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह सदस्य, पूर्व जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोगों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत में घरेलू हिंसा संरक्षण अधिनियम की जानकारी देना तथा महिलाओं के लिए हिंसा मुक्त वातावरण बनाना है।

सरपंचों ने ग्राम पंचायत में महिलाओं पर होने वाली हिंसा को रोकने के लिए अनूठी पहल की। उन्होंने बैठक में कहा कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में कुछ लोग शराब पीकर रोज महिलाओं से मारपीट करते थे। कई बार व्यक्तिगत रूप से समझाया लेकिन लोग नहीं माने। आखिर में महिलाओं से मारपीट करने वालों को सबक सिखाने के लिए पुलिस को बुलाया तथा घटना की जानकारी दी। पुलिस ने भविष्य में मारपीट नहीं करने हेतु पाबंद किया। इस तरह से ग्राम पंचायत में हिंसा मुक्त वातावरण की शुरूआत की।

ग्राम पंचायत को शराब मुक्त करवाया तथा ताश खेलने वालों पर पूर्णरूप से प्रतिबन्ध लग गया है। एडवोकेट कौशल किशोर ने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 की विस्तृत जानकारी दी। अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं पर प्रकाश डाला।

सड़क हादसों में दो की मौत

कोटपूतली, (निसं)। कस्बा थाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई।

पुलिस अनुसार दिनेश कुमार यादव अमर सिंह यादव निवासी रतनपुरा थाना बानसुर जिला अलवर अपनी बाईक से ग्रासीम फैक्ट्री की और जा रहा था। फैक्ट्री के निकट बाईक फिसलने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को राजकीय बीडीएम अस्पताल पहुंचाया। इसी तरह यहां के पल्स अस्पताल के सामने दो बाईकों में हुई भिड़ंत में घायल पूरणमल पुत्र महादेव प्रसाद रैगर निवासी जाहीदपुरा की निम्स अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों के पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिये।

महिला के बैग से 30 हजार की नकदी पार

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के मुख्य बाजार में कपड़े की खरीददारी करने आई दो महिलाओं को अन्य संदिग्ध महिलाओं ने निशाना बनाते हुए उनके बैग में रखी 30 हजार रूपये कि नकदी राशी निकालकर चप्पत हो गई।

दरअसल बखराना निवासी रामावतार पुत्र रामेश्वर योगी की पुत्री व पुत्र वधु विगत रोज बाजार में कपड़ा खरीदने आई थी। इसी दौरान पुरानी सब्जी मण्डी स्थित एक कपड़े की दुकान पर कपड़े देखते वक्त ग्राहक के रूप में खड़ी दो युवतियों ने उन्हें चकमा देकर बैग में हाथ डाल दिया और नकदी लेकर फरार हो गई। घटना के तुरन्त बाद मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जिसमे दो संदिग्ध युवतियों की हरकतें भी कैद मिली हैं। फुटेज के आधार पर हालांकी पुलिस ने काफी दौड़ धूप भी की लेकिन पुलिस के हाथ खाली रहे। इस सम्बन्ध में रामावतार ने थाने में मामला दर्ज कराया है।

■ कपड़े खरीदने आई महिला हुई घटना की शिकार

रोड लाईट लगाने की मांग

विराटनगर, (निसं)। वार्ड न.9 में नगर पालिका की अनदेखी के कारण रोड लाईट खराब पडी है जिससे रात्रि को अंधेरा रहता है। इससे चोरी व अन्य कोई अनहोनी की घटना घटित होने की आशंका बनी रहती है। वार्डवासियों ने बताया कि नगर पालिका को कई बार अवगत कराया परन्तु कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर पालिका ने करोड़ों रूपये खर्च करके कस्बे के वार्डों में रोड लाईट लगवाने का कार्य किया लेकिन आज कई वार्डों में रोड लाईट नहीं लगने से वार्डो में अंधेरा छाया रहता है। कई जगह वार्डों में रोड लाईट बंद पडी है। लोगों ने पालिका प्रशासन को अवगत कराकर वार्ड में रोड लाईट लगवाने की मांग की है।

पौषबड़ों का आयोजन

कानोता, (निसं)। आगरा रोड नया बगराना में मंगलवार को भजन संध्या व पौषबड़ों का आयोजन हुआ। नया बगराना स्थित गोरखनाथ मन्दिर में घुमंतु सपेरा विकास समिति की ओर से विख्यात कलाकारों द्वारा भजन संध्या का आयोजन कर लोगों को पौषबडों की पंगत प्रसादी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष जितेन्द्र झा रहे।

दूषित पानी से 9 भेड़ मरी

कोटपूतली, (निसं)। समीपवर्ती पनियाला थाना क्षेत्र के ग्राम केशवाना स्थित रीको औधोगिक क्षेत्र में 9 भेड़ों की अज्ञात कारणों से मौत हो गई।

बताया जाता है कि कैलाश गुर्जर पुत्र गणेशाराम गुर्जर निवासी टोडी रोज की तरह यहां केशवाना औधोगिक क्षेत्र में अपनी भेड़ बकरियों को चराने आया था। पीड़ित कैलाश गुर्जर का आरोप है कि कैमिकल फैक्ट्री के दूषित पानी के सेवन से भेड़ों की मौत हुई है। घटना क्रम की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी पवन कुमार व तहसीलदार कोटपूतली ने मृत भेड़ों का पोस्टमार्टम करवाया है।

निरीक्षण में तहसीलदार सहित सात कर्मचारी अनुपस्थित

सांभरलेक, (निसं)। सांभर के उपजिला कलैक्टर प्रभुदयाल शर्मा ने मंगलवार को सांभर तहसील कार्यालय का निरिक्षण किया जहां तहसीलदार सहित सात कर्मचारी नदारद पाये गये।

उपजिला कलक्टर प्रभुदयाल शर्मा ने बताया कि प्रात काल 10.30 बजे तहसील कार्यालय का निरिक्षण करने पहुंचे तो वहां पर तहसीलदार धनश्याम माहेश्वरी, नन्दलाल वर्मा वरिष्ठ सहायक, कमल कुमार सहायक कर्मचारी, नाथूलाल मीणा वाहन चालक, गायत्री कंवर सहायक कर्मचारी, मुरलीधर शर्मा अतिरिक्त आफीस कानूनगो, कैलाश शर्मा आफीस कानूनगो नदारद पाये गये तथा ना ही कोई इनके अनुपस्थित रहने के क्रम में दस्तावेज उपलब्ध हुए, उपजिला कलैक्टर ने तहसीलदार को अनुपस्थित कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही कर रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

बानसूर कस्बे के पेट्रौल पम्प स्थित आदर्श टैगोर पब्लिक उमावि में मंगलवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओम ग्रुप के निदेशक अभिमन्यु चौधरी एवं वरिष्ट अध्यापक विक्रम सिंह थे। कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि ने प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया। शाला निदेशक रामनिवास राठी व प्रधानाचार्य संतराम जाट ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन आशीष शर्मा ने किया।

पानी भराव को लेकर वार्डवासियों ने किया प्रदर्शन

श्रीमाधोपुर, (निसं)। कस्बे के वार्ड नंबर 25 ढाणी वार्ड बोर वाली सैनी धर्मशाला के पास पानी भराव की समस्या को लेकर वार्डवासी महिला-पुरुषों ने विरोध प्रदर्शन किया।

वार्ड के लोगों का आरोप था कि पिछले कई दिनों से अवरुद्ध नालियों एवं टूटी हुई नालियों के कारण पानी निकासी की जबरदस्त समस्या है। इस कारण मार्ग पर पानी भरा हुआ रहने से आवागमन में परेशानी हो रही है। वार्ड के रमेश कुमार सैनी ने बताया कि दो बार नगर पालिका में शिकायती एप्लिकेशन दी जा चुकी है। वार्ड पार्षद को कई बार समस्या से अवगत करवाया जा चुका है परंतु कोई सुनवाई नहीं हो रही। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शिवपाल सैनी ने बताया कि वार्ड में नाली निर्माण को लेकर मोहल्लेवासियों में आपसी विवाद चल रहा है। जिसके चलते नाली निर्माण अवरुद्ध हो रखा है। नाली के पास कार्रवाई हुई है। समाधान होते ही बना दी जाएगी।

सनसिटी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड

कार्पोरेशन कार्यालयः सनसिटी व्यापार टॉवर, दूसरी मंजिल, गोल्फ कोर्स रोड, सेक्टर 54, गुड़गांव -122002, हरियाणा

पंजीकृत कार्यालयः एलजीएफ-10, वसंत चौक, प्लॉट-ए, सेक्टर बी, पॉकेट-बी, सामुदायिक केन्द्र, वसंत कुंज, नई दिल्ली 110070 (भारत)

सीआईएन : U45201DL1996PTC083915

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है " स्टेट एनवायरमेंट इम्पैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी" राजस्थान, 4, इंस्टीट्यूशनल एरिया झालना डूंगरी, जयपुर-302004, ने अपने पत्र क्रमांक F1F1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.1(a) B1 (15298)/16-17 दिनांक 22.12.2017 के द्वारा हमारे प्रोजेक्ट "सनसिटी टाउनशिप" जोकि गांव निंदारे, पीएस हर्मदा, सिकर रोड के निकट जयपुर, राजस्थान में स्थित है के विस्तार और संशोधन के लिए पर्यावरण अनापत्ति प्रदान कर दी है। पर्यावरण अनापत्ति की प्रतियाँ एसईआईएए, राजस्थान और राजस्थान राज्य प्रदूषण परिषद् पर उपलब्ध है और परिषद् की वेबसाइट www.rpcb.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

स्थान : जयपुर — महा प्रबंधक

दिनांक : 17.01.2018 — (सर्विसिज एवं पर्यावरण)

बेटी पढ़ेगी, परिवार संवरेगा, तभी देश खुशहाल बनेगा : विधायक अल्का गुर्जर

किशनगढबास, (निसं)। भाजपा महिला मोर्चा किशनगढ़बास में कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए बांदीकुई विधायक अल्का गुर्जर ने कहा बेटी पढ़ेगी तो ही परिवार सवरेगा और खुशहाली आयेगी। हमारी बेटियों ने खेलकूद व हर क्षेत्र में देश का गौरव बढ़ाया है।

उन्होने कहा कि सरकार का बेटी-बचाओ, बेटी पढाओं का सपना भी तभी साकार होगा जब नारी समाज अपने अधिकारों की रक्षा करते हुए समाज में फैली कुरूतियों का विरोध करने लगेगी। उन्होने महिलाओं से कहा कि हम जब तक स्वच्छता के प्रति जागरूक नहीं होगे तब तक हमारा शहर, मौहल्ला, स्वच्छ नहीं हो सकेगा। भाजपा संगठन प्रभारी डॉ अखिल शुक्ला ने महिलाओं को सम्बोधित करते कहा कि बदलते युग में नारी को अपनी ताकत को पहचानना होगा। हर क्षेत्र में नारी जाति ने देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो महिलाओं के मान-सम्मान, अधिकारों की रक्षा कर सकती है। विधायक रामहेत यादव ने कहा राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुधरा राजे ने बेटियों की शिक्षा व पालन पोषण और शादी की चिंता करते हुए बेटियों की पढ़ाई के लिए गांव-गांव में स्कूल खोले है वही उनकी उच्च शिक्षा व विवाह को लेकर योजना को लागू किया है। विधायक यादव ने महिलाओं से आव्हान किया कि भाजपा प्रत्याक्षी के पक्ष में घर-घर जाये और वोट मांगे। महिलाओं ने भाजपा प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लेते हुए आश्वस्त किया। महिला सम्मेलन में प्रधान सुनीता यादव, उपप्रधान सुनीता गुर्जर, नगर पालिका उपाध्यक्ष नीतू नरूका, जिला भाजपा कार्य समिति सदस्य आशा गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष राजबाला शर्मा, ममता चौधरी, रेखा सिघल, इंदु गांधी, कोकिला सैनी, सहित सैकड़ों महिला कार्यकर्ता मौजूद थी।

किशनगढ़बास में आयोजित भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन में बांदीकुई विधायक अल्का गुर्जर का महिला कार्यकर्ताओं ने सम्मान किया।

■ महिलाओं ने भाजपा प्रत्याशी को जिताने का लिया संकल्प

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

CAD सर्किल के पास कोटा

फोन नं. 0744-2500539, वेबसाइटः uitkota.abcprocure.com

एफ 11/नीलामी/2018/3866 — दिनांकः- 12.01.2018

ई-ऑक्शन के माध्यम से भूखण्ड खरीदने का अवसर

नगर विकास न्यास द्वारा ई-ऑक्शन के माध्यम से ग्राम कुन्हाडी तहसील लाडपुरा में खसरा नं. - 32, 33, 34, 35, 36 व 37 में फ्लेट्स हेतु आवासीय भूखण्ड को नीलाम किया जा रहा है। इन भूखण्ड के सामने 24 मीटर चौडी सड़क प्रस्तावित है। वर्तमान में 12 मीटर चौडी सड़क पर स्थित है। यह भूखण्ड आबादी व अन्य फ्लेट्स के समीप स्थित है। ई-ऑक्शन का आरम्भ दिनांक 25.01.2018 प्रातः 11.00 बजे से हो रहा है एवं यह दिनांक 30.01.2018 को दोपहर 2.00 बजे समाप्त हो जायेगा। (अन्तिम 5 मिनट में स्वतः बोली विस्तार नही होने की स्थिति में) अन्य जानकारी uitkota.abcprocure.com पर प्राप्त की जा सकती है अथवा दूरभाष 0744-2500539 पर सम्पर्क करें।

ई-ऑक्शन के माध्यम से ग्राम कुन्हाडी तहसील लाडपुरा खसरा नं.-32, 33, 34, 35, 36 व 37 में फ्लेट्स हेतु आवासीय भूखण्ड का क्षेत्रफल (4300 वर्गमीटर)

प्रारम्भिक नीलामी दरः- 12000/- प्रति वर्गमीटर

आरक्षित दरः-5352/- प्रति वर्गमीटर



राज.संवाद/सी/17/6867 — लेखाधिकारी